## न्यूज ब्रीफ

### फैक्ट्री की 15 फीट दीवार फांदकर की चोरी, आरोपी को किया गिरफ्तार

लुधियाना| बहादरके रोड स्थित धर्मराज नगर की एक फैक्ट्री में चोरी का मामला सामने आया है। 26 दिसंबर सुबह करीब 6 बजे आरोपी ने 15 फीट ऊंची दीवार फांदकर फैक्ट्री में प्रवेश किया और माल बोरे में भरकर बाहर ले गया। सीसीटीवी फुटेज से पहचान होने पर पुलिस ने पिछली गली में रहने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर कुछ माल बरामद किया। पीड़ित सरमीत सिंह के अनुसार करीब 7 हजार रुपये का नुकसान हुआ। जांच में आरोपी द्वारा पहले भी कई फैक्ट्रियों से चोरी करने की बात सामने आई है। पुलिस आरोपी के साथियों की तलाश कर रही है।

### 22 वर्षीय युवक की हुई मौत, हत्या है या फिर ओवरडोज, चल रही जांच

लुधियाना| लुधियाना के कंगनवाल चौकी क्षेत्र के प्रेम नगर में 22 वर्षीय युवक सूरज कुमार की संदिग्ध मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शनिवार को परिजनों और स्थानीय लोगों ने कंगनवाल चौकी के बाहर प्रदर्शन कर न्याय की मांग की। परिवार का आरोप है कि सूरज की हत्या उसके दोस्तों ने की है, जबकि पुलिस इसे नशे की ओवरडोज बता रही है। मृतक की मां सविता ने कहा कि सूरज नशा छोड़ चुका था और दोस्तों से धमकी भी मिली थी। 21 दिसंबर की रात लापता होने के बाद 22 दिसंबर सुबह शव मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार बताया है।

### वार्ड नंबर-26 में पार्क के नवीकरण का विधायक ग्रेवाल ने किया उद्घाटन

लुधियाना| हल्का पूर्वी के वार्ड नंबर 26 में पार्कों के नवीकरण का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल भोला ने कहा कि पार्क या देश में कोई भी कार्य किया जाता है वह लोगों के टैक्स से ही करवाया जाता है। यह पैसा जनता का है और जनता के कार्यों में ही लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह पार्क काफी लंबे समय से अटका हुआ था इसके विकास की ओर किसी भी पार्टी ने ध्यान नहीं दिया और आज इलाका निवासियों के साथ मिलकर पार्क का उद्घाटन किया गया।

## शहर में इतनी बड़ी वारदात... लेकिन सुरक्षा अब भी वैसी की वैसी



लुधियाना का बस स्टैंड।



फिरोजगांधी मार्केट।


मॉडल टाउन रोड।


भारत नगर नज़दीक डीसी दफ्तर।

**बैखौफ बदमाश • थाना बस्ती जोधेवाल इलाके में देर रात एटीएम पर बड़ी वारदात**

# एटीएम उखाड़कर ले गए बदमाश, स्विफ्ट कार में फरार... एटीएम सुरक्षा पर सवाल

सौरव अरोड़ा | लुधियाना
समर न्यूज़

**सुबह राहगीर ने दी सूचना... पूरी रात प्रशासन बेखबर**

लुधियाना में थाना बस्ती जोधेवाल इलाके के कैलाश रोड पर देर रात कार सवार बदमाशों ने एक एटीएम को निशाना बनाया। बदमाश स्विफ्ट कार में सवार होकर आए और करीब ढाई बजे खुलोदेखकर एटीएम में घुस गए। करीब 15 से 20 मिनट के अंदर बदमाशों ने एटीएमकी कैश ट्रे उखाड़कर कार में रखी और फरार हो गए।एटीएम से कितनी नकदी लूटी गई है, इसका अभी खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस संबंधित बैंक से संपर्क कर रकम का आकलन कर रही है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि चोरी हजारों में हुई है या लाखों में।



जांच करते पुलिस अधिकारी।

*घटना का खुलासा सुबह उस समय हुआ, जब एक राहगीर ने एटीएम के अंदर ट्रे उखड़ी देखी। उसने आसपास के लोगों को बताया, इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।*

**▪ सीआईए, क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल जांच में जुटी...**

*मामले की गंभीरता को देखते हुए CIA स्टाफ के साथ क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है। एटीएम के अंदर लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जा रही है। इसके अलावा आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों के DVR भी पुलिस ने कब्जे में लिए हैं।*

**▪ हाईवे की ओर फरार हुए बदमाश...**

*प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश हाईवे की ओर फरार हो गए हैं। पुलिस विभिन्न एंगल से मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।*

## ऑनलाइन मीटिंग के लिए मेयर, विधायक और पार्षदों को मिलेंगे टैब

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

विधान सभा की तर्ज पर चलेगा लुधियाना का नगर निगम अब ई-निगम सिस्टम अपनाने जा रहा है। आने वाली जनरल हाउस और एफएंडसीसी की बैठकों में अब कागजों की जगह टैबलेट का इस्तेमाल होगा। निगम की योजना के अनुसार मेयर, विधायक, पार्षद और कुछ अधिकारियों को करीब 135 टैब बांटे जाएंगे। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा रही है। टैब IOS और एंड्रॉइड दोनों प्लेटफॉर्म पर काम करेंगे, ताकि किसी भी सदस्य को तकनीकी दिक्कत न हो। निगम अधिकारियों का दावा है कि इस पहल से करोड़ों रुपये की बचत होगी। कागजों का खर्च कम होगा, फाइलों का बोझ घटेगा और "गो-ग्रीन" अभियान के तहत पेपरलेस कामकाज को बढ़ावा मिलेगा। ये सभी भाषाओं में काम करेगा व टैब के जरिए मीटिंग से पहले एजेंडा डिजिटल रूप में उपलब्ध होगा और वोटिंग भी ऑनलाइन की जाएगी।


मेयर इंद्रजीत कौर

### विपक्ष का आरोप... एजेंडा पढ़ने का वक्त नहीं मिला

*विपक्षी दलों ने निगम के कामकाज पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना अगर पहले ये ऑनलाइन सिस्टम होता तो कई एजेंडे पास नहीं होने थे। जैसे 1055 से 2348 पेज तक का एजेंडा 23 और 24 तारीख को व्हाट्सऐप पर भेजा गया, जबकि 1 से 1054 पेज का एजेंडा मई में हुई पिछली बैठक से जुड़ा था। 24 तारीख को केवल 8 पेज की हार्ड कॉपी दी गई। विपक्ष का आरोप है कि इतने कम समय में इतने पन्ने पढ़ना संभव नहीं था, इसके बावजूद एजेंडा पास कर दिया गया। मीटिंग के दौरान 12 पेज का नया एजेंडा भी बांटा गया, जिसमें लुधियाना से लगते 110 गांवों को निगम सीमा में शामिल करने का प्रस्ताव पास हो गया। भाजपा पार्षद पूनम रतड़ा ने कहा पहले इस प्रस्ताव का पूरा लेआउट दिखाया जाना चाहिए था, ताकि उस पर विस्तार से चर्चा हो सके। उनके अनुसार, पहले शहर में विकास हो, फिर गांवों को जोड़ने का असली फायदा मिलेगा।*

## शहादत को समर्पित लंगर लगाया....



लुधियाना| लुधियाना के बस स्टैंड नजदीक श्याम नगर रोड पर नवजोत फ्रेश चिकन के पास दशमेश पिता धन-धन श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों, माता गुजरी जी तथा उनके लिए दूध की सेवा करने वाले बाबा मोती राम मेहरा जी की पोह महीने की बेमिसाल शहादतों को समर्पित राजगुरु नगर में दूध के लंगर लगाया गया।

## क्लब ने न्यू ईयर पार्टी व कॉफी सैशन में की मस्ती




पार्टी के दौरान एंजॉय करती महिलाएं। -लक्की भट्टी

लुधियाना| सराभा लेडीब क्लब की महिलाओं ने कॉफी सैशन और न्यू ईयर पार्टी का आयोजन बड़े धूमधाम से किया। कार्यक्रम की शुरूआत चार साहिबजादों की शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित करके की गई।कार्यक्रम में एकता नंदा और शीतल नम्पर ने मनमोहक गानों पर शानदार परफॉर्मेंस देकर कॉफी सैशन में चार-चांद लगा दिए। इसके अलावा टेबल गेम्स, लक्की ड्रॉ और बंपर संबोला ने मैंबर्स को खूब आनंदित किया। क्लब की डायरैक्टर शम्मी बिंद्रा ने सभी सदस्यों को नववर्ष की हार्दिक बधाई दी और उन्हें सुख, समृद्धि, सफलता और उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी। सदस्यों ने मिलकर खूब मस्ती की और डांस का आनंद लिया। क्लब की पूरी टॉम प्रैसीडेंट रितु अरोड़ा, बाइस प्रेसीडेंट किरण कोचर, सैक्रेटरी मंजू सेठी, कैशियर उमा गुप्ता, ऑडिटर पिंकी अरोड़ा, कंसल्टेंट कमल ज्योति, नीलम मनचंदा और मीनू अग्रवाल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और नववर्ष की ढेरों शुभकामनाएं दीं।

## कासो ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने काबू किए तीन आरोपी, 17 ग्राम चिट्टा बरामद

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

युद्ध नशे के विरुद्ध चली गई पंजाब सरकार की मुहिम के तहत कासो ऑपरेशन के दौरान इंडस्ट्रियल एरिया के एसीपी इंद्रजीत सिंह ने अपने अंतर्गत आते तीन ठानो के इलाके में घर घर जाकर चैकिंग की और चिट्टे के साथ तीन घरों की तलाशी में के दौरान तीन लोगो को कबूतर उनपर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है और आरोपियों को काबू कर उनसे सख्ती से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने थाना कुमकला इलाके से एक युवक से 5 ग्राम, थान मोती नगर के घोड़ा कॉलोनी से 10 ग्राम,और जमालपुर के इलाके से 2ग्राम चिट्टा बरामद किया है। एसीपी इंद्रजीत बोपाराय ने कहा कि tino आरोपियों को काबू कर उन पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। और आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की जा रही कि वे ये नशा कहाँ से लेकर आए है।


चौंता गांव जांच करते पुलिस अधिकारी।

## मंदिर में निशुल्क मेडिकल कैंप आज

लुधियाना| लुधियाना के सिविल लाइन स्थित श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में श्री दंडी स्वामी महाराज जी की असीम के कृपा,आशीर्वाद और शुभ इच्छा से पंडित राज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में फ्री आंखो व मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प. राज कुमार शर्मा जी ने कहा कि 28 दिसंबर दिन रविवार को फ्री आखों व मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें माहिर डॉक्टरों द्वारा चेकअप किया जाएगा।इस दौरान फ्री आंखो का चेकअप,,फ्री शुगर टेस्ट और फ्री दवाइयां भी दी जाएगी। इसके साथ जिनका ऑपरेशन होगा उनके फ्री ऑपरेशन होगे।

## विधानसभा चुनाव में कादियानियों की सभाओं में जाने वालों का बायकॉट किया जाएगाः शाही इमाम पंजाब

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना में प्रेसवार्ता कर फतवा जारी करते हुए पंजाब के शाही इमाम मौलाना मुहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने कहा कि पंजाब विधानसभा चुनाव में कादियानियों की सभाओं में जाने वाले राजनीतिक पार्टियों के नेताओं का बायकॉट किया जाएगा। इमाम ने कहा कि यह बात दुनिया के सामने साफ है कि ब्रिटिश राज के दौरान भारत की आजादी की लड़ाई से मुसलमानों को हटाने की साजिश के तहत अंग्रेजों ने मिर्जा गुलाम कादियानी के साथ कादियानी जमात की शुरुआत की थी। जिला गुरदासपुर के कई राजनीतिक नेता सब कुछ जानते हुए भी दुनिया भर के मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। सभी राजनीतिक पार्टियों को यह समझना चाहिए कि कादियानी हजरत मोहम्मद साहब सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की जगह मिर्जा कादियानी को पैगंबर बताते हैं, जिससे दुनिया भर के मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचती है। शाही इमाम ने कहा कि इसीलिए लोगों ने फैसला किया है कि जो राजनीतिक नेता जमात कादियान का समर्थन करेगा, उसके खिलाफ विधानसभा चुनाव में प्रचार किया जाएगा।


शाही इमाम पंजाब मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी संबोधित करते हुए।

**लुधियाना में नगर निगम की बड़ी कार्रवाई**

## लुधियाना की मशहूर बेकरी को नगर निगम ने सील किया

समर न्यूज़ | लुधियाना

नगर निगम द्वारा आखिर हीरो बेकरी को किया सील कर दिया गया है। यह कार्रवाई नक्शा पास करवाए बिना निर्माण करने के अलावा अवैध कब्जे के आरोप में की गई है क्योंकि हीरो बेकरी के निर्माण के दौरान पार्किंग व हाउस लेन के लिए कोई जगह नहीं छोड़ी गई। इसके अलावा मल्हार रोड पर दिखाए गए सूए व गुरदेव नगर टी.पी. स्कीम में सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए मार्क की गई जगह को भी कवर कर लिया गया है। हालांकि, इस पर पर्दा डालने के लिए नगर निगम जोन डी के मुलाजिमों के साथ मिलीभगत से हासिल की गई जुर्माना जमा करवाने की रसीद के दम पर कोर्ट से स्टे ले लिया गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान नगर निगम ने उपरोक्त पहलुओं को उजागर किया तो कोर्ट ने कार्रवाई करने पर लगाई गई रोक हटा ली है, जिसके आधार पर नगर निगम द्वारा शुक्रवार को खुलने से पहले ही हीरो बेकरी को सील कर दिया गया। इसकी पुष्टि ए टी पी हरविंद्र हनी व एच डी एम भरत मलिक ने की है।




**▪ पुलिस व विजिलेंस के पास भी दर्ज है केस...** *हीरो बेकरी के अवैध निर्माण का मामला काफी हाई प्रोफाइल है और उसे लेकर पुलिस व विजिलेंस के पास भी केस दर्ज है। इनमें से विजीलैंस द्वारा सरकारी जगह पर बनी बिल्डिंग को रैगुलर करने के लिए जोन डी के मुलाजिमों की तरफ से गलत तरीके से रसीद जारी करने की जांच चल रही है, जिसे लेकर कार्रवाई से बचने के लिए नगर निगम के अफसरों ने सील तोड़ने के आरोप में हीरो बेकरी के मालिकों पर पर्चा दर्ज करवाया है। अब देखना यह होगा कि हीरो बेकरी के अवैध कब्जे वाले हिस्से को तोड़ने की कार्रवाई कब की जाएगी।*

## बांग्लादेश का नाम नक्शे से मिटा देना चाहिए : कृष्ण शर्मा

### बांग्लादेश को सबक सिखाए भारत सरकार : नरेंद्र


पुतला फूकते शिव सेना हिंदुस्तान के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण शर्मा, नरेंद्र भारद्वाज व अन्य।

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में शिव सेना हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुप्ता के दिशा निर्देश पर शिवसेना हिंदुस्तान की मजदूर सेना विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज के नेतृत्व में रोष मार्च निकाल कर बंगला देश का पुतला फूंका गया और जबरदस्त नारेबाजी कर रोष प्रदर्शन किया।इस दौरान शिव सेना के राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण शर्मा विशेष रूप से पहुंचे और उन्होंने पुतले को अग्नि दी। रोष मार्च में शिव सैनिक बंगला देश मुर्दाबाद,हिंदुओं की हत्याएं बंद करो,हिंदुओं पर अत्याचार नहीं सहेगा हिंदुस्तान आदि के नारे लगा रहे थे वं यही नारे लिखी हुई तख्तियां हाथों में उठा रखी थी इस अवसर पर अपने संबोधन में कृष्ण शर्मा और नरेंद्र भारद्वाज, रिंकू त्रिपाठी ने रोष प्रकट करते हुए सयुक्त रूप से कहा कि बंगला देश में हिंदुओं के खिलाफ इतनी नफरत भरी पड़ी है हत्या करने के बाद मृतकों के शवों के साथ भी बर्बरता की जा रही है।उपरोक्त नेताओं ने केंद्र की मोदी सरकार से मांग करते हुए कहा है कि बांग्लादेश पर तुरंत सैन्य कार्रवाई करनी चाहिए बांग्लादेश का नाम विश्व पर नक्शे से मिटा देना चाहिए। उपरोक्त नेताओं ने कहा कि हिंदुओं की सुरक्षा को गंभीरता से लेते हुए केंद्र सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए और विश्व स्तर पर दबाव बनाते हुए इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाना चाहिए।सभी को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए ताकि बांग्लादेश में रह रहे हिंदू सुरक्षित रह सके।वही भारत में अवैध रूप से रह रहे घुसपैठियों को तुरंत पहचान कर उन्हें यहां से भागना चाहिए।आज इस प्रदर्शन के दौरानअजीत सिंह,भिखारी यादव,नीतीश कुमार,विजय कुमार,संजय कुमार, मनोज कुमार,जोगेंद्र कुमार,बबलू यादव,राजू पटेल, शुभम सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**विवाद**

**निगम हाउस की बैठक में आप सरकार के विधायकों ने लोकतंत्र का हनन किया**

## विपक्षी पार्षदों के साथ दुर्व्यवहार ने विधायकों की खोली पोल : रजनीश धीमान

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

निगम हाउस की बैठक में आप सरकार के विधायकों द्वारा लोकतंत्र का हनन करते हुए पार्षदों के साथ दुर्व्यवहार का करने और विपक्ष के किसी पार्षद को न बोलने का आरोप भाजपा कार्यालय में शनिवार को आयोजित प्रैसवार्ता के दौरान भाजपा के जिला प्रधान रजनीश धीमान ने लगाये।प्रैस वार्ता में नगर निगम में भाजपा विपक्ष की नेता पूनम रत्तड़ा व उप नेता रोहित सिक्का विशेष तौर पर मौजूद थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आप सरकार पर बरसते हुए रजनीश धीमान ने कहा कि गत दिनों आयोजित निगम हाउस के बैठक में विधायकों ने बैठक के दौरान अपनी मनमर्जी की,और बिना विपक्षी पार्षदों की बात सुने प्रस्ताव पारित किए।धीमान ने कहा कि पार्षदों की मान मर्यादा का ख्याल मेयर साहिबा को रखना चाहिए था।मेयर को उनकी बात सुननी चाहिए थी।लेकिन जो आप विधायकों ने कहा मेयर ने वैसे ही किया।मेयर सिर्फ मीटिंग में रबड़ स्टंप साबित हुई। धीमान ने कहा की आप सरकार लुधियाना का दायरा बढ़ाने को लेकर इसमें 110 नए गांव शामिल करने जा रही है।परंतु एक तरफ तो नगर निगम के पास पहले एरिया का विकास करवाने के लिए फंड नहीं है और अब बड़ी संख्या में नए एरिया शामिल करने के बाद वहां के लोगों को सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए पैसा कहां से आएगा। पुराने एरिया में सड़के टूटी,सीवरेंज व्यवस्था, पेयजल की किल्लत अनेकों समस्याओं का हल तो पिछले चार साल में आप सरकार कर नहीं सकी।अब इन 110 गांवों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए फंड कहां से आएगा।नगर निगम कमिश्नर इस बारे में भी स्पष्टीकरण दे।




पूनम रतडा ने बताया कि उनके वार्ड में पीने वाले पानी में गंदाआता है।इसके लिए उन्होंने मेयर को लिखित शिकायत दी थी।परंतु आज तक इस पर कोई काम शुरू नहीं किया गया।जबकि जिन वार्डो में आप सरकार के पार्षद हैं वहां पर काम पहल के आधार पर किया जाता है।रोहित सिक्का ने कहा कि आज आप सरकार के विधायकों में छोटे छोटे कामों का उद्घाटन करने की होड़ लगी है।आज विपक्षी पार्षदों के साथ निगम में जिस प्रकार का दुर्व्यवहार किया गया।ये लोकतंत्र की हत्या है।विपक्षी पार्षदों को सदन में अपनी बात रखने का मौका भी नहीं दिया गया।इस मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री सरदार नरेंद्र सिंह मल्ली,जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा,प्रेस सचिव डा.सतीश कुमार, सोशल मीडिया सचिव राजन पांधे,कशिश रतड़ा,मोहित सिक्का,दीपू शर्मा मौजूद थे।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 113